भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1365

उत्तर देने की तारीख-11/12/2023

केंद्रीय विश्वविद्यालयों/आईआईटी में मिशन मोड भर्ती

†1365. श्री ए.गणेशमूर्तिः

श्री ए.राजा:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मिशन मोड कार्यावधि के दौरान केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में थोड़े से ही संकाय सदस्यों की भर्ती की गई थी जबकि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 6000 से अधिक शैक्षिणक पद रिक्त पड़े हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी संस्था-वार स्थिति क्या है;

(ख) क्या भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने मात्र 20 प्रतिशत संकाय सदस्यों की भर्ती की है जबकि 4500 से अधिक पद अभी भी रिक्त पड़े हुए हैं;

(ग) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में आरक्षित श्रेणी के पदों सहित रिक्त पड़े हुए और भरे हुए संकाय पदों की संस्था-वार स्थिति क्या है;

(घ) सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की भर्ती में कमी आने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या संस्थानों के साथ - साथ सरकार ने भी आईआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में आरक्षित वर्गों के पदों सहित सभी रिक्त पदों को भरने के लिए अहम प्रयास किए हैं और यदि हां, तो इन पर भर्ती के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ङ) शिक्षा मंत्रालय के तहत केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (सीएचईआई) संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और उनके तहत बनाए गए अधिनियमों/संविधियों/अध्यादेशों/विनियमों के प्रावधानों द्वारा अभिशासित हैं। रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के चलते अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

सभी सीएचईआई रिक्तियों को मिशन मोड में भरने के लिए प्रयासरत हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), संस्थान में उत्कृष्ट प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए संकाय भर्ती हेतु रोलिंग विज्ञापन जारी करता है जो पूरे वर्ष खुला रहता है। आईआईटी अपनी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संकाय पदों में फ्लेक्सी कैडर सिस्टम का पालन करते हैं, और संकाय सदस्यों की संख्या को स्तरों या विभागों में कठोर रूप से विभाजित नहीं करते हैं, इसलिए प्रतिभा को पहचानने और भर्ती करने में लचीलापन सुनिश्चित करते हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित रिक्तियों को भरने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) और आईआईटी ने सितंबर 2022 से मिशन मोड भर्ती अभियान भी शुरू किया है। सभी सीएचआई में मिशन मोड द्वारा दिनांक 28.10.2023 तक कुल 18,080 पद भरे गए हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा सामूहिक रूप से 12,588 रिक्तियां भरी गई हैं, जिनमें 983 अनुसूचित जाति, 453 अनुसूचित जनजाति और 1614 अन्य पिछड़ा वर्ग संकाय सहित 7895 संकाय पद हैं।

*****